कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 12.10.2024

विषय:- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0068/2023 धारा 419,420,467,468,471 भा0द0वि0 थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त तौहीद अहमद सिद्दीकी पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ए 39/377 अमरपुर सरैया थाना जैतपुरा वराणसी उम्र 52 वर्ष को आज दिनांक 12/10/2024 को नक्खीघाट पूल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 26/03/2023 को वादिनी मुकदमा मकसुदा बेगम पत्नी स्व0 जहूर खान पता- ए39/301-ए-4 लाट सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी थाना जैतपुरा वाराणसी ने जरिए डाक लिखित सूचना दिया कि विपक्षी तौहीद अहमद सिद्दीकी व अन्य द्वारा मेरे स्व0 पति के फर्जी हस्ताक्षर से हलफनामा बनाकर सम्पत्ति हड़पने का प्रयास किया गया है। जिसके आधार पर दिनांक 23/03/2023 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-68/2023 धारा- 419,420,467,468,471 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त तौहीद अहमद सिद्दीकी पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ए 39/377 अमरपुर सरैया थाना जैतपुरा वराणसी उपरोक्त पूछने पर बता रहा है की साहब मै जहूर खान की दुकान को खाली नहीं करना चाहता था इसलिए मुझसे गलती हो गयी माफ कर दीजिए।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 12/10/2024, स्थान- वरुणा नदी नक्खीघाट पूल के नीचे से।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. तौहीद अहमद सिद्दीकी पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ए 39/377 अमरपुर सरैया थाना जैतपुरा वराणसी उम्र 52 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 68/2023 धारा- 419,420,467,468,471 भा0द0वि0 थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री शैलेश यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 दिलशाद खान, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त काशी जोन

कमिश्नरेट वाराणसी